## रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

### Section : General Awareness

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत गारंटीकृत है?**

**Ans**
✗ 1. बाल श्रम निषेध
✗ 2. जीवन की सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता
✓ 3. कानून के समक्ष समानता
✗ 4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

**Q.2** **विंडोज़ में ओपन एप्लीकेशनों के बीच स्विच करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शॉर्टकट कुंजी (key) का उपयोग किया जाता है?**

**Ans**
✓ 1. Alt + Tab
✗ 2. Alt + Del
✗ 3. Alt + F4
✗ 4. Alt + Ins

**Q.3** **वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय मात्रक प्रणाली (SI) में कितनी परस्पर स्वतंत्र मूल राशियाँ हैं?**

**Ans**
✗ 1. 13
✗ 2. 10
✓ 3. 7
✗ 4. 6

**Q.4** **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(2) के अंतर्गत, छठी अनुसूची के प्रावधान, निम्नलिखित में से किस राज्य समूह के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन पर लागू होते हैं?**

**Ans**
✗ 1. नागालैंड, मणिपुर, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश
✓ 2. असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम
✗ 3. बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम
✗ 4. गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़

**Q.5** **संक्षिप्त नाम, उसके पूर्ण रूप और उसके एप्लीकेशन के सही संयोजन की पहचान करें।**

**Ans**
✗ 1. ASCII – Automated Symbolic Code for Integrated Input (ऑटोमेटेड सिम्बोलिक कोड फॉर इंटिग्रेटेड इनपुट)– इमेज को कोड में परिवर्तित करता है
✗ 2. LAN – Large Area Network (लार्ज एरिया नेटवर्क) – महाद्वीपों के पार कंप्यूटरों को जोड़ने के लिए उपयोग किया जाता है
✗ 3. CD – Compact Disk (कॉम्पैक्ट डिस्क)– हाई-स्पीड इंटरनेट एक्सेस के लिए उपयोग किया जाता है
✓ 4. ASCII – American Standard Code for Information Interchange (अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इनफॉर्मेशन इंटरचेंज) – कंप्यूटर में टेक्स्ट को एनकोड करता है

**Q.6** मई 2025 में भारतीय नौसेना द्वारा किस अधोसमुद्री रक्षा हथियार (undersea defence weapon) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया?

**Ans**
- ✗ 1. डीप-सी एक्सप्लोसिव (Deep-Sea Explosive)
- ✗ 2. हाइड्रो डेप्थ टॉरपीडो (Hydro Depth Torpedo)
- ✓ 3. मल्टी-इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन (Multi-Influence Ground Mine )
- ✗ 4. सबमरीन न्यूट्रलाइज़र (Submarine Neutralizer)

**Q.7** भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 498A किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ 1. दहेज मृत्यु
- ✗ 2. घरेलू हिंसा से सुरक्षा
- ✓ 3. पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा महिला के प्रति क्रूरता
- ✗ 4. बाल विवाह

**Q.8** 1947 में, भारत के विभाजन का मुख्य कारण क्या था?

**Ans**
- ✓ 1. सांप्रदायिक तनाव और राजनीतिक मतभेद
- ✗ 2. ब्रिटिश प्रशासनिक विफलता
- ✗ 3. समुदाय में सामाजिक और आर्थिक अंतर
- ✗ 4. भाषा विवाद

**Q.9** डोरा बिसोई और चक्र बिसोई के नाम, _________ में राजनीतिक अस्थिरता, ब्रिटिश कानूनों और नियमों की अनुपयुक्तता तथा खोंडों की आर्थिक पीड़ा के विरुद्ध उपजे विद्रोह से संबंधित हैं।

**Ans**
- ✗ 1. जंडियाला, पंजाब
- ✓ 2. घुमुसर, ओडिशा
- ✗ 3. एलुरु, आंध्र प्रदेश
- ✗ 4. मंडावा, राजस्थान

**Q.10** 14 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, एशिया की सबसे लंबी सुरंग निम्नलिखित में से कौन-सी है?

**Ans**
- ✗ 1. टिक सुरंग (Tike Tunnel)
- ✗ 2. नटुवाड़ी सुरंग (Natuwadi Tunnel)
- ✗ 3. पीर पंजाल रेलवे सुरंग (Pir Panjal Railway Tunnel)
- ✓ 4. जोजिला सुरंग (Zojila Tunnel)

**Q.11** मई 2025 तक की स्थिति के अनुसार, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह राज्यसभा में किस राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. भारतीय जनता पार्टी
- ✗ 2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ✓ 3. आम आदमी पार्टी
- ✗ 4. शिरोमणि अकाली दल (बादल)

**Q.12** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य कौन-सा है?

**Ans**
- ✓ 1. गोवा
- ✗ 2. हरियाणा
- ✗ 3. पंजाब
- ✗ 4. केरल

**Q.13** 2025 के दिल्ली विधान सभा चुनाव का परिणाम क्या रहा?

**Ans**
- ✓ 1. भाजपा ने बहुमत हासिल कर सरकार बनाई।
- ✗ 2. त्रिशंकु विधानसभा (Hung assembly); भाजपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन बना।
- ✗ 3. AAP ने बढ़े हुए बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की।
- ✗ 4. कांग्रेस ने एक दशक से भी ज़्यादा समय में पहली बार जीत हासिल की।

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटीन जीवमंडल में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?

Ans

✗ 1. GLUT-4

✗ 2. कोलेजन

✓ 3. RuBisCO

✗ 4. मायोसिन

Q.15 लॉर्ड कर्जन ने भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम निम्नलिखित में से किस वर्ष पारित किया था, जिसके द्वारा भारतीय विश्वविद्यालयों को सख्त सरकारी नियंत्रण के अधीन कर लिया गया था?

Ans

✗ 1. 1886

✗ 2. 1889

✓ 3. 1904

✗ 4. 1897

Q.16 वरुण (VARUNA ) भारत और ______ के बीच एक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है।

Ans

✓ 1. फ्रांस

✗ 2. ग्रेटब्रिटेन

✗ 3. अमेरिका

✗ 4. दक्षिण कोरिया

Q.17 काकतीय साम्राज्य के पतन के बाद किस दिल्ली सुल्तान ने बुक्क और हरिहर को बंदी बना लिया था?

Ans

✗ 1. फ़िरोज़ शाह तुगलक

✓ 2. मुहम्मद बिन तुगलक

✗ 3. बलबन

✗ 4. अलाउद्दीन खिलजी

Q.18 मार्च 2025 में भारतीय सेना ने किस राज्य में त्रि-सेवा एकीकृत बहु-क्षेत्रीय युद्ध अभ्यास, 'प्रचंड प्रहार' का आयोजन किया?

Ans

✗ 1. सिक्किम

✓ 2. अरुणाचल प्रदेश

✗ 3. असम

✗ 4. मेघालय

Q.19 शेरशाह के प्रशासन के दौरान किसी गाँव में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकारी जिम्मेदार था?

Ans

✗ 1. फोतेदार (Fotedar)

✓ 2. शिक्कदार (Shiqqdar)

✗ 3. काजी (Qazi )

✗ 4. मुकद्दम (Muqaddam)

Q.20 किस भारतीय फुटबॉल क्लब ने 2025 कलिंगा सुपर कप जीता?

Ans

✗ 1. बेंगलुरू एफसी (Bengaluru FC)

✗ 2. एटीके मोहन बागान (ATK Mohun Bagan)

✗ 3. जमशेदपुर एफसी (Jamshedpur FC)

✓ 4. एफसी गोवा (FC Goa)

Q.21 संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (SGRY) का मुख्य फोकस क्षेत्र क्या है?

Ans

✗ 1. तटीय क्षेत्र

✗ 2. शहरी क्षेत्र

✗ 3. औद्योगिक क्षेत्र

✓ 4. ग्रामीण क्षेत्र

**Q.22** 3 , 2025 ए किस अंतर्राष्ट्रीय दिवस की थीम 'वन्यजीव संरक्षण वित्त : लोगों और पृथ्वी के लिए निवेश (Wildlife Conservation Finance: Investing in People and Planet)' थी?

**Ans**

✔ 1. विश्व वन्यजीव दिवस

✘ 2. विश्व पर्यावरण दिवस

✘ 3. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

✘ 4. पृथ्वी दिवस

---

**Q.23** निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य को स्वास्थ्य सेवा के अपग्रेड के लिए विश्व बैंक से ₹2,424 करोड़ का ऋण प्राप्त हुआ है?

**Ans**

✘ 1. आंध्र प्रदेश

✘ 2. गुजरात

✔ 3. केरल

✘ 4. राजस्थान

---

**Q.24** भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम (CDP) कब लॉन्च किया गया?

**Ans**

✘ 1. 1 जनवरी 1947

✘ 2. 1 जुलाई 1951

✘ 3. 1 मार्च 1950

✔ 4. 2 अक्टूबर 1952

---

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत का पहला चीता संरक्षण प्रजनन केंद्र है, जिसे 2024 में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) द्वारा अनुमोदित किया गया है?

**Ans**

✘ 1. ताडोबा राष्ट्रीय उद्यान (Tadoba National Park)

✔ 2. बन्नी घासस्थल (Banni grasslands)

✘ 3. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य (Gandhi Sagar Wildlife Sanctuary)

✘ 4. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान (Bandhavgarh National Park)

---

**Q.26** सरकारिया आयोग ने मुख्य रूप से भारत में किस प्रकार के संघवाद को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया?

**Ans**

✔ 1. सहकारी संघवाद

✘ 2. राजकोषीय संघवाद

✘ 3. प्रतिस्पर्धी संघवाद

✘ 4. एकात्मक संघवाद

---

**Q.27** निम्नलिखित में से किस राजवंश के दौरान, एलोरा में कैलाश मंदिर का निर्माण किया गया था?

**Ans**

✔ 1. राष्ट्रकूट

✘ 2. चालुक्य

✘ 3. पल्लव

✘ 4. चोल

---

**Q.28** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, प्रायद्वीपीय पठार से संबंधित है?

**Ans**

✘ 1. ब्यास नदी

✘ 2. लोहित नदी

✘ 3. दिबांग नदी

✔ 4. कृष्णा नदी

Q.29 मार्च 2025 में, आर्मेनिया ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ शांति संधि पर हस्ताक्षर किए हैं?

Ans

✗ 1. सीरिया

✗ 2. जॉर्जिया

✗ 3. तुर्की

✓ 4. अज़रबैजान

Q.30 उदारीकरण ने आर्थिक गतिविधियों पर सरकारी नियंत्रण को कम कर दिया। 1991 में उदारीकरण का मुख्य उद्देश्य क्या खत्म करना था?

Ans

✓ 1. औद्योगिक लाइसेंसिंग और कोटा पद्धति

✗ 2. कृषि सब्सिडी

✗ 3. सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार

✗ 4. बैंकिंग सेवाएं

Q.31 दक्षिण अमेरिका में कौन-सी पर्वतमाला स्थित है?

Ans

✗ 1. वॉसगेस (Vosges)

✓ 2. एंडीज (Andes)

✗ 3. आल्प्स (Alps)

✗ 4. रॉकीज (Rockies)

Q.32 राज्यपाल को पद की शपथ कौन दिलाता है?

Ans

✗ 1. राष्ट्रपति

✗ 2. उपराष्ट्रपति

✓ 3. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

✗ 4. मुख्यमंत्री

Q.33 किस लेखक ने वर्ष 2025 में, 'द हिमालय इन ए स्मॉल हाउस (The Himalaya in a Small House)' पुस्तक प्रकाशित की, जिसमें एक हिमालयी गाँव के जीवन का वर्णन है?

Ans

✓ 1. अनुराधा रॉय

✗ 2. रस्किन बॉण्ड

✗ 3. अमिताभ घोष

✗ 4. नमिता गोखले

Q.34 किस भारतीय थिंक टैंक ने 2025 विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (WSDS) का आयोजन किया?

Ans

✗ 1. रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम (RIS)

✗ 2. द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (TERI)

✓ 3. राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति) आयोग

✗ 4. सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (CSE)

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा, पश्चिमी घाट और अरब सागर के बीच स्थित है?

Ans

✗ 1. दक्कन का पठार

✗ 2. पूर्वी तटीय मैदान

✓ 3. पश्चिमी तटीय मैदान

✗ 4. मालवा का पठार

Q.36 दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंककर नीरज चोपड़ा ने भारतीय एथलेटिक्स के लिए कौन-सा ऐतिहासिक गौरव हासिल किया?

Ans

✗ 1. इन्होंने सबसे लंबे भाला फेंकने का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

✗ 2. ये भाला फेंक में 90-मीटर का आंकड़ा पार करने वाले तीसरे भारतीय एथलीट बन गए।

✗ 3. ये भाला फेंक में 90-मीटर का आंकड़ा पार करने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बन गए।

✓ 4. ये भाला फेंक में 90-मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए।

Q.37 निम्नलिखित में से कौन-सा रसोई रसायन, अचार को परिरक्षित करने के लिए प्रायः उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. चीनी
- ✗ 2. बेकिंग सोडा
- ✗ 3. यीस्ट
- ✓ 4. सिरका

Q.38 रियल एस्टेट क्षेत्र को विनियमित और बढ़ावा देने, लेनदेन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने और घर खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (RERA) कब लागू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. 2012
- ✗ 2. 2018
- ✗ 3. 2020
- ✓ 4. 2016

Q.39 निम्नलिखित मे से कौन-सा भारतीय शहर मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNNIT) का घर है, जहां विमानों पर तड़ित के प्रभाव पर शोध किया जा रहा है?

Ans
- ✗ 1. वाराणसी
- ✗ 2. कानपुर
- ✓ 3. प्रयागराज
- ✗ 4. लखनऊ

Q.40 भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची में निम्नलिखित में से किसके प्रशासन और नियंत्रण संबंधी प्रावधान दिए गए हैं?

Ans
- ✓ 1. अनुसूचित क्षेत्र और अनुसूचित जनजातियों
- ✗ 2. दलबदल के आधार पर विधायकों की अयोग्यता
- ✗ 3. भारत की राज भाषाओं
- ✗ 4. सातवीं अनुसूची की संघ और राज्य सूचियों

## Section : **Mathematics**

Q.1 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 57846 में जोड़े जाने पर प्राप्त योगफल 58 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए?

Ans
- ✓ 1. 38
- ✗ 2. 41
- ✗ 3. 43
- ✗ 4. 42

Q.2 ट्रेन A, स्टेशन M से 8:00 a.m. पर निकलती है और उसी दिन 3:00 p.m. पर स्टेशन N पहुँचती है। ट्रेन B, स्टेशन N से 10:00 a.m. पर निकलती है और उसी दिन 3:00 p.m. पर स्टेशन M पहुँचती है। ट्रेन A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 6: 47 a.m.
- ✗ 2. 11:14 a.m.
- ✗ 3. 5:46 a.m.
- ✓ 4. 12:05 p.m.

Q.3 किसी बैंक में ₹2,500 की धनराशि, वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 2% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश की जाती है। परिपक्वता पर, देय धनराशि ₹2,601 हो जाती है। निवेश की समयावधि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 1 वर्ष
- ✗ 2. 2.5 वर्ष
- ✗ 3. 1.5 वर्ष
- ✓ 4. 2 वर्ष

**Q.4** एक गोलाकार टैंक का व्यास 10 मीटर है। गोलाकार टैंक का आयतन कितना है? (π = 3.141 का प्रयोग करें)

**Ans**

✗ 1. 504.8 घन मीटर

✗ 2. 492.6 घन मीटर

✓ 3. 523.5 घन मीटर

✗ 4. 423.5 घन मीटर

**Q.5** 476 और 485 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या, दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ 1. 1

✗ 2. 2

✗ 3. 4

✗ 4. 6

**Q.6** A दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक 16 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 11 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने यह कार्य केवल 3 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले यह कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

**Ans**

✗ 1. $13\frac{53}{95}$ दिन

✗ 2. $11\frac{53}{95}$ दिन

✗ 3. $9\frac{53}{95}$ दिन

✓ 4. $5\frac{53}{95}$ दिन

**Q.7** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:
(-9) - (-60) ÷ (-10) + (-3) × 8

**Ans**

✓ 1. -39

✗ 2. -41

✗ 3. -42

✗ 4. -38

**Q.8** 65 का 65%, 15 के $\frac{4}{5}$ से कितना अधिक है?

**Ans**

✗ 1. 27.25

✓ 2. 30.25

✗ 3. 24.25

✗ 4. 28.25

**Q.9** [836 ÷ {30 + 2 × ( 7 − 3 )}] का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 20

✗ 2. 21

✓ 3. 22

✗ 4. 27

**Q.10** एक जिले की जनसंख्या 329000 है, जिसमें से 209000 पुरुष हैं। 44% जनसंख्या साक्षर है। यदि 44% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं?

**Ans**

✗ 1. 42%

✗ 2. 45%

✓ 3. 44%

✗ 4. 46%

Q.11 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹16,050 है। यदि उनकी मूल्यों का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3,210
2. 5,350
3. 7,490
4. 9,630

Q.12 ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है, जिसमें BC ‖ AD और AC = CD है। यदि ∠ABC = 20° और ∠BAC = 131° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) कितनी है?

Ans
1. 111°
2. 122°
3. 113°
4. 128°

Q.13 संख्या 788973289 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 7
2. 18
3. 12
4. 13

Q.14 A, B और C ने क्रमशः 61 : 43 : 90 के अनुपात में एक राशि का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में उन्हें कुल ₹2,910 का लाभ हुआ, तो B और C के हिस्से में कितना अंतर है?

Ans
1. ₹633
2. ₹807
3. ₹753
4. ₹705

Q.15 5 पुरुष किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 9 महिलाएं इसे 5 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 3 महिलाएं और 3 पुरुष इस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. 10 दिन
2. 7 दिन
3. 5 दिन
4. 8 दिन

Q.16 यदि पहली संख्या का 36% दूसरी संख्या के $\frac{4}{7}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है?

Ans
1. 95 : 60
2. 104 : 61
3. 99 : 62
4. 100 : 63

Q.17 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$4\left(\left(\frac{3}{4}\right)x^2 - 26x + 17\right) - 3(x^2 + 4x - 14)$$

Ans
1. −116x − 110
2. 116x − 10
3. −116x + 110
4. 116x + 110

**Q.18** प्रथम 152 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 153
- ✓ 2. 152
- ✗ 3. 152.5
- ✗ 4. 151.5

**Q.19** यदि $\frac{\sin\alpha + \cos\alpha}{\sin\alpha - \cos\alpha} = 3$ है, तो $\sin^2\alpha$ का मान कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. $\frac{2}{5}$
- ✗ 2. $\frac{1}{5}$
- ✓ 3. $\frac{4}{5}$
- ✗ 4. $\frac{3}{5}$

**Q.20** 7 वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 13 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्षों बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

**Ans**
- ✓ 1. 6
- ✗ 2. 4
- ✗ 3. 7
- ✗ 4. 8

**Q.21** दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 6 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 2
- ✓ 2. 3
- ✗ 3. 19
- ✗ 4. 5

**Q.22** 56 ट्यूब लाइटें ₹56 में खरीदी गईं, और 20 ट्यूब लाइटें परिवहन के दौरान टूट गईं। व्यापारी ने शेष ट्यूब लाइटें ₹4.60 प्रति ट्यूब लाइट की दर से बेच दीं। उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹112.60
- ✗ 2. ₹120.80
- ✓ 3. ₹109.60
- ✗ 4. ₹112.50

**Q.23** यदि ₹400 की राशि 4.5 वर्षों के लिए 8% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 124
- ✗ 2. 194
- ✗ 3. 244
- ✓ 4. 144

**Q.24** 95 km/hr की चाल से चलने वाली कोई बस एक यात्रा 10 घंटे में पूरा करती है। 5 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए उसकी चाल कितनी होनी चाहिए?

**Ans**
- ✗ 1. 187 km/hr
- ✓ 2. 190 km/hr
- ✗ 3. 182 km/hr
- ✗ 4. 193 km/hr

| | |
|---|---|
| Q.25 | दो संख्याओं का योगफल 80 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 558 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 11, 69<br>✗ 2. 16, 64<br>✓ 3. 18, 62<br>✗ 4. 23, 57 |

| | |
|---|---|
| Q.26 | एक दुकानदार को 10% की व्यापार छूट और 5% की योजना छूट (मुफ़्त इकाइयां) दी जाती है। ₹50 प्रति इकाई की दर से 100 इकाइयां खरीदने पर, व्यापार छूट की धनराशि ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. ₹1,000<br>✗ 2. ₹700<br>✓ 3. ₹500<br>✗ 4. ₹250 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | एक व्यापारी 29% लाभ पर अनाज बेचने का दावा करता है, लेकिन बेईमानी से उस बाट का इस्तेमाल करता है जो उस पर उल्लिखित वजन से 13% कम है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।) |
| Ans | ✗ 1. 43%<br>✗ 2. 49%<br>✓ 3. 48%<br>✗ 4. 50% |

| | |
|---|---|
| Q.28 | कुशल और बृजेश ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹37,100 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹12,000 के कुल लाभ में से, बृजेश का हिस्सा ₹5,700 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था? |
| Ans | ✗ 1. ₹2,347<br>✓ 2. ₹1,855<br>✗ 3. ₹1,742<br>✗ 4. ₹3,438 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 13% की छूट दी जाती है और फिर उस वस्तु को ₹348 में बेचा जाता है। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात करें। |
| Ans | ✗ 1. ₹420<br>✗ 2. ₹392<br>✓ 3. ₹400<br>✗ 4. ₹380 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | एक बेलनाकार छड़ का बाहरी वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1800 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 52 cm है, तो छड़ की बाहरी त्रिज्या (cm में), दशमलव के दो स्थानों तक, ज्ञात कीजिए।<br>($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए।) |
| Ans | ✗ 1. 5.37<br>✓ 2. 5.51<br>✗ 3. 6.69<br>✗ 4. 6.32 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

10 B 3 D 27 C 18 A 2 = ?

**Ans**
- ✗ 1. 18
- ✓ 2. 12
- ✗ 3. 25
- ✗ 4. 7

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MUTE' को '4527' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TOPS' को '1346' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 1
- ✓ 2. 4
- ✗ 3. 2
- ✗ 4. 3

**Q.3** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

491 492 496 505 521 ?

**Ans**
- ✗ 1. 531
- ✗ 2. 541
- ✓ 3. 546
- ✗ 4. 536

**Q.4** मनोज बिंदु Y से यात्रा शुरू करता है और उत्तर की ओर 16 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। अंतत: वह बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ 1. 4 km, उत्तर की ओर
- ✗ 2. 6 km, उत्तर की ओर
- ✗ 3. 4 km, पूर्व की ओर
- ✓ 4. 8 km, पश्चिम की ओर

**Q.5** व्यक्ति X बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और दक्षिण की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 10 km ड्राइव करता है। अंतत: फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है और बिंदु B पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

**Ans**
- ✓ 1. 5 km पूर्व
- ✗ 2. 5 km पश्चिम
- ✗ 3. 5 km दक्षिण
- ✗ 4. 3 km दक्षिण

**Q.6** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 ÷ 6 + 78 × 6 − 17 = ?

**Ans**
- ✗ 1. 45
- ✗ 2. 59
- ✓ 3. 52
- ✗ 4. 66

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>UWZ SUX QSV OQT ? | |
| Ans | ✗ 1. MPS<br>✗ 2. MOS<br>✓ 3. MOR<br>✗ 4. MPR | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | सात बक्से V, W, X, Y, Z, Q और R एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। V को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। V और Y के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। Z को V के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। Y और R के बीच केवल Q को रखा गया है। W को Y के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। X और Y के बीच कितने बक्से रखे गए हैं? | |
| Ans | ✗ 1. एक<br>✓ 2. दो<br>✗ 3. चार<br>✗ 4. तीन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से AHJQ का संबंध DJMS से है। उसी तरीके से, MPVY का संबंध PRYA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से VVEE का संबंध किससे है? | |
| Ans | ✗ 1. YGFT<br>✓ 2. YXHG<br>✗ 3. YXGH<br>✗ 4. YGHJ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | यदि संख्या 6798245 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 3 घटाया जाए, तो इस प्रकार प्राप्त सबसे बड़े और दूसरे सबसे छोटे अंक के बीच कितना अंतर होगा? | |
| Ans | ✗ 1. 8<br>✓ 2. 6<br>✗ 3. 7<br>✗ 4. 9 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनें जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br>ROAM – MORA – OARM<br>CRIB – BRCI – RICB | |
| Ans | ✗ 1. GUYS – SUGY – YUGS<br>✓ 2. FUME – EUFM – UMFE<br>✗ 3. SONG – OSNG – GONS<br>✗ 4. PING – PNIG – GNIP | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A $ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E $ F @ G ÷ M + N' है, तो E का N से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✗ 1. पिता<br>✗ 2. माता<br>✗ 3. बहन<br>✓ 4. भाई | |

Q.13 हृदय अपनी कक्षा में शीर्ष से 26वें स्थान पर तथा नीचे से 38वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 62 ✗
2. 64 ✗
3. 63 ✓
4. 61 ✗

Q.14 एक निश्चित कूट भाषा में, 'close your window' को 'mb tb jb' लिखा जाता है और 'door or window' को 'lk mb fb' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'window' का कूट क्या होगा?

Ans
1. mb ✓
2. tb ✗
3. lk ✗
4. fb ✗

Q.15 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी आयत, वर्ग हैं।
सभी वर्ग, समलंबाभ हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी समलंबाभ, आयत हैं।
II. कुछ समलंबाभ, आयत हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✗
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✗
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✗
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✓

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 21 40 69 108 ?

Ans
1. 149 ✗
2. 143 ✗
3. 137 ✗
4. 157 ✓

Q.17 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. QN-YT ✗
2. JG-RM ✗
3. BY-JF ✓
4. SP-AV ✗

Q.18 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 24 27 108 111 ?

Ans
1. 393 ✗
2. 444 ✓
3. 303 ✗
4. 409 ✗

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GMR AGL UAF OUZ ?

Ans
1. TIO
2. IOT
3. TOI
4. ITO

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से WPKD का संबंध BUPI से है। उसी तरीके से, QJEX का संबंध VOJC से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FYTM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. KYDR
2. KYRD
3. KDRY
4. KDYR

Q.21 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथनः सभी त्रिभुज, आयत हैं। सभी वर्ग, आयत हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ त्रिभुज, वर्ग हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ आयत, वर्ग हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. MI-FL
2. PL-IN
3. SO-LQ
4. VR-OT

Q.23 A, B, C, D, J, K और L, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। J के बाईं ओर से गिनने पर J और L के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर K और C के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। D, K के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C और L का निकटतम पड़ोसी A है।
B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. K
2. A
3. D
4. C

Q.24 यदि संख्या 9342865 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के बाएं से पहले और दाएं से पहले अंकों का योग क्या होगा?

Ans
1. 7
2. 10
3. 8
4. 9

Q.25 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। G के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। G और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। D के ऊपर केवल B रखा गया है। E को A के नीचे किसी एक स्थान पर और C के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। A के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. एक ✗
2. चार ✗
3. तीन ✗
4. दो ✓

Q.26 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 4 4 @ 6 9 5 # * + 4 9 % \ & + < > > ^ # (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

Ans
1. तीन ✗
2. एक ✗
3. दो ✓
4. एक भी नहीं ✗

Q.27 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
27, 135
33, 165

Ans
1. 19, 105 ✗
2. 22, 110 ✓
3. 29, 125 ✗
4. 35, 180 ✗

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. KN-GI ✗
2. OR-KM ✗
3. SV-OQ ✗
4. VY-RS ✓

Q.29 सात व्यक्ति, G, H, I, J, K, L और S, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। K और G के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। H, G के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। H और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। L, J के बाएँ किसी स्थान पर लेकिन , के दाएँ किसी स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. S ✗
2. H ✗
3. I ✗
4. L ✓

Q.30 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 3 * 8 & @ 9 $ 1 & 5 Ω 6 # 7 % 4 £ 2 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है लेकिन ठीक बाद एक सम संख्या नहीं है?

Ans

✔ 1. दो

✘ 2. एक

✘ 3. एक भी नहीं

✘ 4. दो से अधिक